प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रयागराज महाकुंभ में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पवित्र त्रिवेणी में लगाइ ड्बकी।
2. अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये कल होगा मतदान : लगभग 3 लाख 70 हजार मतदाता करेंगे 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला।
3. प्रदेश में डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी आठवीं आर्थिक गणना : मुख्यमंत्री ने विस्तृत योजना तैयार करने के दिये निर्देश।

और

4. आगरा में दो दिवसीय स्पेशल राष्ट्रीय हैंडबाल चंपियनशिप का आज हुआ उद्घाटन : दस राज्यों के 180 स्पेशल खिलाड़ी लेंगे प्रतियोगिता में हिस्सा।

———————

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान का सिलसिला जारी है। आज शाम 6 बजे तक लगभग 71 लाख 62 हजार लोगों ने संगम में डुबकी लगाई। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने भी आज प्रयागराज पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पवित्र त्रिवेणी में ड्बकी लगाई। पेश है एक रिपोर्ट.....

*भूटान नरेश ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विधिवत पूजा–अर्चना की और त्रिवेणी में डुबकी लगाई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी मौजूद रहे। संगम में स्नान के बाद भूटान नरेश अक्षय वट गए और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन भी किए। इसके बाद उन्होंने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का दौरा किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत–भूटान मित्रता और सांस्कृतिक संबंधों को और मज़बूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, महाकुंभनगर, प्रयागराज।*

————————

संगम में तीन अमृत स्नान पूरे करने के बाद प्रमुख अखाड़ों के सन्यासी वाराणसी में महाशिवरात्रि के दिन पावन स्नान करेंगे। इसके पहले वहां पेश्वाई की रस्म अदा की जायेगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने बताया कि 7 फरवरी को अखाड़े काशी के लिये रवाना हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि परम्परा के अनुसार अखाड़े कुम्भ का समापन काशी में रंग पंचमी के दिन होली खेलने के बाद करते हैं।

————————

महाकुंभ में हुई दुर्घटना को लेकर आज राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के आरोपों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खंडन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों दलों का आरोप है कि दुर्घटना में मारे गए लोगों का सही आंकड़ा जारी नहीं किया गया। यह आरोप बेबुनियाद और गुमराह करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना की

जांच न्यायिक आयोग कर रहा है और दोषियों को सज़ा दी जाएगी। बाइट.....

*इन दोनों दलों के वक्तव्य सरासर गुमराह करने वाला है। कहना की कोई आंकड़े नहीं दिए गए यहाँ से प्रशासन से जो आंकड़े दिए गए उन आंकड़ों को मैंने भी सबके सामने रखा उनतीस जनवरी की हादसे की तह में हम लोग जाएंगे षडयंत्रकारियों को बेनकाब करेंगे और उन्हें सजा कैसे दिलाई जाती है। यहाँ आपने उत्तर प्रदेश के अंदर पिछले आठ वर्ष के अंदर देखा होगा आगे भी आप इसको देखते रहिए।*

——————————

अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये कल मतदान होगा। इस विधानसभा सीट पर भाजपा के चंद्रभानु पासवान, सपा के अजीत प्रसाद और आजाद समाज पार्टी के संतोष कुमार समेत 10 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियां आज रवाना हो गईं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर कल सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा जिसमें लगभग 3 लाख 70 हजार मतदाता 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए 255 मतदान केंद्र और 414 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 210 मतदेय स्थलों की वेब कास्टिंग होगी और 25 मत देय स्थलों की वीडियोग्राफी होगी। 71 मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर लगाए गए है, वहीं 9 उड़न दस्ता टीमें तैनात की गई हैं। मतदान पर 9 टीमें स्टेटिक, जबकि 6 टीमें वीडियो निगरानी करेंगी। निर्वाचन आयोग ने दो सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 04 जोनल मजिस्ट्रेट, 41 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की भी तैनाती की है। अयोध्या से तन्मय सोनी की रिपोर्ट।*

अयोध्या के ज़िलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने कल होने वाले मतदान के लिए किए गए सुरक्षा इंतज़ामों के बारे में जानकारी दी। बाइट.....

*सुरक्षा की दृष्टि से जो हमारे मानक है कमीशन के बूथ की सेंसिटिविटी के दृष्टिगत या मतदान केंद्र में कितने बूथ है उसको देखते हुए फोर्स डिप्लॉयमेंट किया गया है। इसके साथ साथ पैरामिलिट्री फोर्सेज और कई कंपनी पीएसी ये सब जो फोर्स है ये सिक्योरिटी के लिए लगी है और मतदान केंद्र के जो दो सौ मीटर का पेराफेरी है उसको सिक्योर करने के लिए उनकी ड्यूटी है। सुबह सात बजे से शाम के पाँच बजे तक मतदान चलेगा और शाम को पाँच बजे अगर कोई वोटर की लाइन है तो उसमें टोकन के माध्यम से देके उन सभी को वोटिंग कराने का व्यवस्था है। उसी हिसाब से मतदान होगा।*

---

फतेहपुर में आज पांभीपुर इलाके मं दिल्ली–हावड़ा रेल मार्ग पर दो मालगाड़ियों की टक्कर हो गई, जिससे कई डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे में दोनों मालगाड़ियों के चालक घायल हो गए हैं। दुर्घटना के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुटगए। हादसे के कारणों की जांच को जा रही है। स्टेशन अधीक्षक मणिशंकर मिश्रा ने बताया कि दोनों मालगाड़ियां एक ही ट्रैक पर आ जाने के कारण यह घटना हुई है। घायल चालक व गार्ड को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश में आठवीं आर्थिक गणना कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को इस संबंध में एक विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं। यह गणना डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिससे सटीक आंकड़े जुटाए जा सकें। इसके लिए एक वेब–बेस्ड मोबाइल एप्लिकेशन भी विकसित किया जा रहा है, जो वास्तविक समय में डेटा सत्यापन, निगरानी और विश्लेषण की सुविधा प्रदान करेगा। आठवीं आर्थिक गणना के लिए लगभग 17,000 गणनाकारों और 6,000 पर्यवेक्षकों को तैनात किया जाएगा।

———————

प्रदेश सरकार ने 8 ज़िलों के 15 छात्रावासों के कायाकल्प के लिए करीब 8 करोड़ की धनराशि जारी की है। इनमें गाजीपुर के 04, कानपुर नगर के 03, अयोध्या और सुलतानपुर के 02 –02, और संतकबीर नगर, चंदौली,

कन्नौज और कौशाम्बी के एक–एक छात्रावास शामिल हैं। इस धनराशि से छात्रावासों की बिल्डिंग की मरम्मत के साथ सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर, स्वच्छ शौचालय और नियमित मेंटेनेंस की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए हेल्पलाइन भी शुरू करने की योजना है, ताकि किसी भीसमस्या का तुरंत समाधान हो सके।

————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर सीयूईटी दो हजार पचीस के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख को आठ फरवरी तक बढ़ा दिया है। परीक्षा की फीस जमा करने की आखिरी तारीख नौ फरवरी है, जबकि दस फरवरी से बारह फरवरी के बीच विवरण में सुधार किये जा सकते हैं।

————————

फार्मर रजिस्ट्री कराने के मामले में हरदोई प्रदेश में पहले स्थान पर है। वहीं जौनपुर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। जौनपुर में पीएम किसान सम्मान निधि के 8 लाख 79 हजार लाभार्थी हैं। इनमें से अब तक3 लाख15 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हो चुकी है।

————————

स्पेशल ओलम्पिक भारत की चेयरमैन मल्लिका नड्डा ने आगरा में आयोजित होने जा रही दो दिवसीय स्पेशल

राष्ट्रीय हैंडबाल चंपियनशिप का आज उद्‌घाटन किया । इस मौके पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी मौजूद रहे। 5 और 6 फरवरी को आयोजित होने वाली इस चंपियनशिप में दस राज्यों के 180 स्पेशल खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर श्रीमती मल्लिका नड्डा ने कहा कि इस चंपियनशिप को आयोजित करने का उद्देश्य मानसिक दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना है। बाइट.....

*हमें आशा ही नहीं विश्वास है कि हमारे ये विशेष खिलाड़ी इनके जो छुपी हुई प्रतिभाएं हैं उनको प्रदर्शित करेंगे और नेशनल अवाड्‌र्स लेने में आगे आएंगे और प्रदेश इकाई के द्वारा जो एक प्रयास किया गया है कि मानसिक दिव्यांगता से ग्रसित खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना, इनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ना ये एक बहुत ही सराहनीय कार्य है।*

—————————

प्रदेश के कई जिलां में कल रात से ही हल्की बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बदायूं, शामली, फिरोजाबाद, फर्रूखाबाद में हल्की बारिश देखने को मिली। लखनऊ मौसम विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने कल भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में हल्की बारिश और कोहरे का अनुमान जताया है। बाइट.....

*पश्चिमी विक्षोभ धीमी गति से पूर्वी दिशा की ओर बढ़ रहा है इस के प्रभाव से आज यानी कि चार फरवरी तथा पाँच फरवरी को भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तरी इलाकों एवं संलग्न हिस्सों में कहीं कहीं बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है इसके साथ ही उत्तरी पश्चिमी हवाओं के*

*प्रभाव से छः और सात फरवरी को अधिकतम और न्यूनतम दोनों ही तापमान में गिरावट आने की संभावना है।*

(समाप्त)